# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# अगस्त , 2024

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )

साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।

visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी अगस्त, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 August, 2024

### भारतीय शूटर स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल जीता; अब तक शूटिंग में भारत ने कुल 3 पदक जीते–

1 अगस्त, 2024 को भारतीय शूटर स्वप्निल कुसाले ने ओलिंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह इस वर्ग में भारत का पहला शूटिंग मेडल है। इससे पहले, मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ब्रॉन्ज और सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में ब्रॉन्ज जीत चुकी है।

स्वप्निल कुसाले कोल्हापुर (महाराष्ट्र) के रहने वाले तथा रेलवे में टिकट कलेक्टर (टीसी) हैं।

## Newspaper of 3 August, 2024

### केन्द्रीय कैबिनेट ने 50,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 936 किमी. लंबी नेशनल हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी–

2 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए 50000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 936 किलोमीटर लंबी 8 नेशनल हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

**यह है प्रोजेक्ट–**

- चार लेन अयोध्या रिंग रोड
- छह लेन कानपुर रिंग रोड
- छह लेन आगरा-ग्वालियर नेशनल हाईस्पीड कॉरिडोर
- 6-लेन आगरा-ग्वालियर नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर के बनने से आगरा और ग्वालियर के बीच यात्रा का समय 50% कम होगा।
- चार लेन खरगपुर-मोरेग्राम नेशनल हाईस्पीड कॉरिडोर
- छह लेन थराड-दीसा-मेहसाना-अहमदाबाद नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर
- छह लेन पथालगांव (रायपुर) और गुमला (रांची) नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर
- चार लेन उत्तर गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण
- आठ लेन पुणे के नजदीक एलिवेटेड नासिक फाटा-खेड़ कॉरिडोर

### इसरो ने आगामी भारतीय अमरीकी स्पेस मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का चयन प्राइम एस्ट्रोनॉट के रूप में किया; वे आइ एस एस पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे–

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आगामी भारतीय-अमरीकी स्पेस मिशन के लिए अपने सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का चयन प्राइम एस्ट्रोनॉट के रूप में किया है। शुभांशु अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मिशन के लिए प्राइम और बैकअप मिशन पायलट के रूप में दो गगनयात्रियों की सिफारिश की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला को प्राइम पायलट के रूप में चुना गया है, जबकि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को बैकअप के रूप में चुना गया है।

## Newspaper of 4 August, 2024

### भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मविभूषण यामिनी कृष्णमूर्ति (84) का निधन हुआ–

3 अगस्त, 2024 को भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मविभूषण यामिनी कृष्णमूर्ति (84) का निधन हो गया। आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले के मदनपल्ली में जन्मीं कृष्णमूर्ति का पालन-पोषण तमिलनाडु के चिदम्बरम में हुआ था।

## Newspaper of 7 August, 2024

### 6 अगस्त, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली काटोनिवेरे ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने फिजी की संसद को भी संबोधित किया तथा भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत भी की।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 9 August, 2024

- **पेरिस ओलंपिक 2024 में जैवेलिन थ्रो (भालाफेंक) में नीरज चोपड़ा को सिल्वर मेडल (रजत पदक) मिला; भारतीय पुरुष हॉकी टीम को कांस्य पदक मिला–**

8 अगस्त, 2024 को पेरिस ओलंपिक 2024 में जेवेलिन थ्रो (भाला फेंक) में नीरज चोपड़ा ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया। नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर भाला फेंका। यह उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा जबकि स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का भाला फेंका।

8 अगस्त, 2024 को ही भारत ने पुरुष हॉकी में स्पेन को 2–1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) जीता। भारत की ओर से दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किए।

उल्लेखनीय है कि पुरुष हॉकी में भारतीय टीम ने 52 साल बाद कांस्य पदक जीत इतिहास रचा है। इससे पूर्व 1968, 1972 और 2020 में भी कांस्य पदक जीता था।

- **रेसलर विनेश फोगाट ने कुश्ती से संन्यास लिया–**

हाल ही में पेरिस ओलंपिक, 2024 में 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण रेसलिंग का फाइनल खेलने से चूकी विनेश फोगाट ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की।

- **8 अगस्त, 2024 को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य (80) का निधन हो गया। वे सन् 2000 से 2011 तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे।**

## Newspaper of 10 August, 2024

- **पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत के पहलवान अमन सहरावत ने फ्री-स्टाइल 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता–**

9 अगस्त, 2024 को पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत के पहलवान अमन सहरावत ने फ्री-स्टाइल 57 किग्रा में प्यूर्टो रिको के डरलिन तुई क्रूज को 13-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत को लगातार 5वें ओलंपिक में कुश्ती में मेडल मिला है। अमन सहरावत ओलंपिक इतिहास में कुश्ती में पदक जीतने वाले भारत के आठवें पहलवान बने हैं।

## Newspaper of 11 August, 2024

- **अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया–**

हाल ही में भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को पेरिस में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने ओलंपिक ऑर्डर अवॉर्ड से सम्मानित किया। वह यह अवॉर्ड पाने वाले दूसरे भारतीय बने। इससे पहले, भारत की पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1983 में इस अवॉर्ड से नवाजा गया था। यह अवॉर्ड ओलंपिक के दौरान या उसको कराने में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसके अलावा बिंद्रा को आईओसी के एथलीट आयोग का उपाध्यक्ष भी चुना गया।

उल्लेखनीय है कि, आइस हॉकी खिलाड़ी एम्मा टेहरो को एथलीट आयोग के रूप में अध्यक्ष के तौर पर फिर चुना गया है।

## Newspaper of 12 August, 2024

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु अनुकूल फसलों की 109 किस्में जारी की; पैदावार बढ़ाने में मदद करेंगी–**

11 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज वाली जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत की। इस पहल का मकसद कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आइसीएआर) ने विकसित किया है। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। पीएम मोदी ने दिल्ली के पूसा में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर इनके बीजों को पेश किया। उन्होंने कृषि में वेल्यू एडिशन पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी, क्योंकि इनसे किसानों का खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

## Newspaper of 13 August, 2024

- **12 अगस्त, 2024 को शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2024 की घोषणा की–**

–समग्र श्रेणी में आइआइटी मद्रास टॉप शैक्षणिक संस्थान

–आइआइएससी, बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

12 अगस्त, 2024 को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 की घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय की रैंकिंग में आइआइटी मद्रास समग्र श्रेणी में लगातार छह साल से देश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान और आइआइएससी बेंगलूरु लगातार नौ साल से शीर्ष विश्वविद्यालय बना हुआ है। रैंकिंग के अनुसार, समग्र श्रेणी में आइआइएससी बेंगलूरु दूसरे स्थान पर है, हालांकि रिसर्च कैटेगरी में यह लगातार चौथे साल शीर्ष स्थान पर रहा। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आइआइटी मद्रास लगातार नौ साल से शीर्ष स्थान पर बरकरार है।

**टॉप 100 में राजस्थान के चार संस्थान है–**जोधपुर नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ : 2024) के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अनुसार देश के टॉप 100 शिक्षण संस्थानों में राजस्थान के 4 संस्थानों ने ऑवर ऑल कैटेगरी में जगह बनाई है। इसमें बिट्स पिलानी 23वें, आईआईटी जोधपुर 68वें, एमएनआईटी 82वीं एवं एम्स जोधपुर 83वीं रैंक पर है।

**शीर्ष कॉलेज–**

1. हिंदू कॉलेज, दिल्ली
2. मिरांडा हाउस, दिल्ली
3. सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली
4. रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शताब्दी कॉलेज, कोलकाता
5. आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली
6. सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
7. पीएसजीआर कृष्णम्मल महिला कॉलेज, कोयंबटूर
8. लोयोला कॉलेज, चेन्नई
9. किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली
10. लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली

**शीर्ष मेडिकल कॉलेज–**

1. एम्स नई दिल्ली
2. पीजीआइएमईआर चंडीगढ़
3. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर
4. निम्हांस बेंगलूरु
5. जेआइपीजीएमईआर पुड्डुचेरी
6. एसजीपीआइएमएस लखनऊ
7. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
8. अमृता विश्वविद्यालय
9. कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज मणिपाल
10. मद्रास मेडिकल कॉलेज चेन्नई

**समग्र श्रेणी–**

1. आइआइटी मद्रास
2. आइआइएससी बेंगलूरु
3. आइआइटी बॉम्बे
4. आइआइटी दिल्ली
5. आइआइटी कानपुर
6. आइआइटी खड़गपुर
7. एम्स, नई दिल्ली
8. आइआइटी रुड़की
9. आइआइटी गुवाहाटी
10. जेएनयू, नई दिल्ली

**प्रबंधन संस्थान–**

1. आइआइएम अहमदाबाद
2. आइआइएम बैंगलोर
3. आइआइएम कोझिकोड
4. आइआइएम दिल्ली
5. आइआइएम कलकत्ता
6. आइआइएम मुंबई
7. आइआइएम लखनऊ
8. आइआइम इंदौर
9. एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर
10. आइआइटी बॉम्बे

**इंजीनियरिंग संस्थान–**

1. आइआइटी मद्रास
2. आइआइटी दिल्ली
3. आइआइटी बॉम्बे
4. आइआइटी कानपुर
5. आइआइटी खड़गपुर
6. आइआइटी रुड़की
7. आइआइटी गुवाहाटी
8. आइआइटी हैदराबाद
9. एनआइटी तिरुचिरापली
10. आइआइटी-बीएचयू वाराणसी

**टॉप यूनिवर्सिटी–**

1. आइआइएससी, बेंगलूरु
2. जेएनयू, नई दिल्ली
3. जेएमआइ, नई दिल्ली
4. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
5. बीएचयू, वाराणसी
6. दिल्ली विश्वविद्यालय
7. अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर
8. एएमयू, अलीगढ़
9. जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता
10. वीआइटी, वेल्लोर

**टॉप-5**

**आर्किटेक्चर-प्लानिंग**

1. आइआइटी रुड़की
2. आइआइटी खड़गपुर
3. एनआइटी कालीकट
4. आइआईईएसटी, शिबपुर
5. एसपीए, नई दिल्ली

**शीर्ष लॉ संस्थान**

1. एनएलएसआइयू, बेंगलूरु
2. राष्ट्रीय विधि विवि, दिल्ली
3. एनयूएल, हैदराबाद
4. डब्लूबीएनयूजेएस, कोलकाता
5. सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे

■ **वर्ष 2024 में पहली बार मिस साउथ अफ्रीका का खिताब एक बधिर 28 वर्षीय मियाले रॉक्स ने जीता है। वे एक बधिर हैं और एक वर्ष की आयु में ही श्रवण हानि का शिकार हो गई थी।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 14 August, 2024

**■ डीआरडीओ ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल ( एमपी-एटीजीएम ) का सफल परीक्षण किया–**

हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंट्री टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपी-एटीजीएम) का सफल परीक्षण किया है। ढाई किलोमीटर रेंज वाली यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों की धज्जियाँ उड़ाने में सक्षम है और भविष्य में इसे मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन में भी तैनात किया जाएगा। इसे DRDO ने विकसित किया है।

इस स्वदेशी एंटी-टैंक मिसाइल में टैंडम हाई एक्सप्लोसिव एंटी-टैंक हथियार लगा है, जिससे अत्याधुनिक एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर कवच वाले बख्तरबंद वाहन भी बच नहीं सकते। यह पोर्टेबल मिसाइल कंधे से भी लॉन्च की जा सकती है। इससे रात के समय में भी हमला किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि यह मिसाइल भारतीय सेना और पैरा कमांडो के लिए डिजाइन की गई है।

## Newspaper of 17 August, 2024

**■ सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की; कन्नड़ फिल्म कांतारा के लिए ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला; सर्वश्रेष्ठ फिल्म 'अट्टम' ( मलयालम ) व सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म 'गुलमोहर' रही।**

16 अगस्त, 2024 को सूचना प्रसारण मंत्रालय ने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की।

- ♦ कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' के लिए ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता।
- ♦ नित्या मेनन और मानसी पारेख को क्रमश: 'तिरूचित्रमबलम' (तमिल) और 'कच्छ एक्सप्रेस' (गुजराती) के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया।
- ♦ ए.आर. रहमान ने तमिल फिल्म 'पीएस-1' के लिए सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड संगीतकार, जबकि अरिजीत सिंह ने 'ब्रह्मास्त्र-1' के लिए गायक का अवॉर्ड जीता।
- ♦ 'ब्रह्मास्त्र-1' के प्रीतम को सर्वश्रेष्ठ संगीतकार घोषित किया गया।
- ♦ शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी की 'गुलमोहर' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म, जबकि 'कांतारा' को सर्वश्रेष्ठ संपूर्ण मनोरंजक फिल्म से सम्मानित किया गया।
- ♦ फिल्म 'ऊँचाई' के लिए सूरज बड़जात्या को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला है। इसी फिल्म के लिए नीना गुप्ता ने बेस्ट स्पोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है।

**राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड के अन्य विजेता**–सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म-अट्टम (मलयालम), सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-नीना गुप्ता (ऊँचाई), सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-पवन राज मल्होत्रा (फौजा, हरियाणवी), सिनेमैटोग्राफी-मोनो नो अवेयर, सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक अवॉर्ड-विशाल शेखर, सर्वश्रेष्ठ स्टंट कोरियोग्राफी-केजीएफ2, सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर-अरिजीत सिंह (ब्रह्मास्त्र), सर्वश्रेष्ठ फीमेल प्लेबैक सिंगर-बॉम्बे जयश्री (साउदी वेलक्का सीसी. 225/2009-मलयालम फिल्म), एनिमेशन : ब्रह्मास्त्र-1, संवाद : गुलमोहर, सिनेमैटोग्राफी : पीएस-1, नॉन फीचर फिल्म : बीरुबाला, हरगिला (असम), शॉर्ट फिल्म : औन्येता (असम), डॉक्यूमेंट्री : मर्मर्स ऑफ द जंगल (मराठी)।

**■ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमएफ ) की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ के अनुसार भारत** 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। गीता गोपीनाथ के अनुसार भारत में ग्रामीण क्षेत्र में खपत बढ़ी है। टू-व्हीलर्स सेल्स व एफएमसीजी सेक्टर वापसी कर रहे है। मानसून भी अच्छा है। आइएमएफ ने भारत की जीडीपी का अनुमान भी 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है।

**■ जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा हुई–**

16 अगस्त, 2024 को चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा की।

- ♦ जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों (18 सितम्बर, 2024, 25 सितम्बर, 2024, 1 अक्टूबर, 2024) व हरियाणा में 5 अक्टूबर, 2024 को मतदान होगा। चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर, 2024 को घोषित होंगे।
  उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।
- ♦ जम्मू-कश्मीर में कुल 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे (1) 18 सितम्बर, 2024 (2) 25 सितम्बर, 2024 (3) 1 अक्टूबर, 2024.
- ♦ हरियाणा में कुल 90 विधानसभा सीटों पर केवल एक चरण में 5 अक्टूबर, 2024 को चुनाव होंगे।
- ♦ मतगणना व चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर, 2024 को सम्पन्न होंगे।

**■ 15 अगस्त, 2024 को प्रसिद्ध एयरोस्पेस वैज्ञानिक और अग्नि मिसाइलों के जनक डॉ. राम नारायण अग्रवाल (84) का निधन हो गया। उन्हें अग्नि मिसाइलों के पहले प्रोजेक्ट**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**डायरेक्टर होने के नाते अग्नि मैन कहा जाता था। उन्हें 1990 में पद्मश्री और 2000 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।**

- **भू-प्रेक्षण उपग्रह 'ईओएस-8' और एसआर-ओ डेमसैट के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपण के बाद निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया–**

16 अगस्त, 2024 को इसरो ने इतिहास रचते हुए सतीश धवन अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान-डी 3 (एसएसएलवी डी-3) के जरिए भू प्रेक्षण उपग्रह 'ईओएस-08' और एसआर-ओ डेमोसैट के प्रक्षेपण के बाद इन्हें निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। ईओएस-08 पृथ्वी की निगरानी के साथ पर्यावरण व आपदाओं का अलर्ट देगा। इस लॉन्चिंग के बाद एसएसएलवी को ऑपरेशनल रॉकेट का दर्जा मिल गया है। इसकी लागत पीएसएलवी रॉकेट से छह गुना कम है। प्रक्षेपण सुबह 9:17 बजे निर्धारित समय पर हुआ। करीब 175.5 किलोग्राम वजन वाले ईओएस-08 में तीन अत्याधुनिक पोलोड इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री (जीएनएसएस-आर) और एसआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल है।

## Newspaper of 18 August, 2024

- **माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने भारत को प्रौद्योगिकी कृषि और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व इनोवेशन करने वाला वर्ल्ड लीडर बताया है। यह बात बिल गेट्स ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिएटल में पहले भारत दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए कही।**

## Newspaper of 19 August, 2024

- **18 अगस्त, 2024 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 1003 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 9 करोड़ रुपए की लागत से बना ऑक्सीजन पार्क भी है। इस पार्क में 1067 लाख से अधिक पेड़-पौधे है।**

## Newspaper of 20 August, 2024

- **19 अगस्त, 2024 को पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनायन (83) का निधन हो गया। उन्होंने 30 सितंबर, 2000 से 31 दिसम्बर, 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएँ दी थीं। उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।**

## Newspaper of 21 August, 2024

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास गत वर्ष की तरह वर्ष 2024 में भी दुनिया के टॉप बैंकर चुने गए हैं। उन्हें ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2024 में A+ रेटिंग मिली है। उन्हें महंगाई पर नियंत्रण, आर्थिक विकास, मुद्रा में स्थिरता और ब्याज दरों पर नियंत्रण के लिए यह सम्मान दिया गया है।**

- **डेरियस विसर द्वारा खेले गए 1 ओवर में 39 रन बने। टी-20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बना; युवराज सिंह का 17 साल पुराना ( 1 ओवर में 36 रन ) रिकॉर्ड तोड़ा–**

20 अगस्त, 2024 को सामोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसर द्वारा वनातु के खिलाफ खेले गए एक ओवर में 39 रन बने। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया रेकॉर्ड बना। तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में उन्होंने छह छक्के मारे। ओवर में तीन नो बॉल शामिल थीं। एक ओवर में 36 रन का रेकॉर्ड सबसे पहले भारत के युवराज सिंह 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में बनाया था। इसके बाद वेस्टइंडीज की जोड़ी कीरोन पोलार्ड-निकोलस पूरन, नेपाल के दीपेन्द्र सिंह एयरी और भारतीय जोड़ी रोहित शर्मा-रिंकू सिंह ने भी एक ओवर में 36 रन बनाए थे।

- **इसरो ने चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 का डिजाइन तैयार किया; चंद्रयान-4 चाँद से धूल मिट्टी के नमूने लेकर आएगा–**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 के सफल मिशन के बाद चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 मिशन की तैयारी कर रहा है। इन दोनों मिशनों की डिजाइन तैयार हो चुकी है और सरकार से परियोजना की मंजूरी मिलना प्रक्रियाधीन है। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की सतह से नमूने लाए जाएंगे। भारतीय यान चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ड लैंडिंग करने के बाद नमूने इकट्ठा करेगा। चंद्रमा की धूल या चट्टानी नमूने लेने के बाद यान को चंद्रमा की सतह से लॉन्च कर चंद्रमा की कक्षा में लाया जाएगा। चंद्रमा की कक्षा में डॉकिंग होगी और आर्बिटल मॉड्यूल से जुड़कर वह पुनः धरती की ओर प्रस्थान करेगा।

उल्लेखनीय है कि पहला मानव रहित मिशन दिसम्बर, 2024 तक लांच होने की उम्मीद है। क्रू मॉडयूल का तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र में और सर्विस मॉड्यूल का बेंगलूरु स्थित यूआर राव उपग्रह केन्द्र में इंटीग्रेशन हो रहा है। क्रू एस्केप सिस्टम सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र श्रीहरिकोटा पहुँच चुका है। रॉकेट के चरण भी एक-एक कर श्रीहरिकोटा पहुंच रहे हैं जहाँ अंतिम परीक्षण और इंटीग्रेशन होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 23 August, 2024

- **हाल ही में अफ्रीकी देश बोत्सवाना में 2492 कैरेट का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा मिला है। हीरा कनाडा की माइनिंग कंपनी लुकारा डायमंड कॉर्प द्वारा संचालित बोत्सवाना की कारोवे खदान में मिला। अभी कीमत नहीं आंकी है। अभी दुनिया का सबसे बड़ा हीरा 3106 कैरेट का कलिनन हीरा है, जो 1905 में साउथ अफ्रीका में मिला था।**

## Newspaper of 25 August, 2024

- **केन्द्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लॉन्च की; 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगी।**

24 अगस्त, 2024 को केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों की पुरानी पेंशन (ओपीएस) फिर से लागू करने की मांग के बीच बड़ा कदम उठाते हुए न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विकल्प के तौर पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लॉन्च की है। यूपीएस में कर्मचारियों के अंतिम 12 महीने के औसत मूल वेतन की 50% पेंशन सुनिश्चित होगी। उनको महँगाई भत्ते का भी लाभ मिलेगा। यूपीएस में कर्मचारियों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के साथ अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा। पेंशनर की मृत्यु पर 60% फेमिली पेंशन का भी लाभ दिया जाएगा।

अगर किसी कर्मचारी ने न्यूनतम 25 साल तक काम किया तो तो उसे रिटायरमेंट के अंतिम 12 महीने के औसत वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। अगर किसी पेंशनभोगी की मृत्यु होती है तो उसके परिवार को मृत्यु के वक्त मिलने वाली पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। अगर 10 साल के बाद नौकरी छोड़ते हैं तो न्यूनतम दस हजार रुपए पेंशन मिलेगी। कर्मचारियों को अलग से अंशदान नहीं करना होगा। केन्द्र सरकार 18.5 प्रतिशत अंशदान करेगी।

**यूपीएस के 5 स्तम्भ–**

1. वेतन की 50% पेंशन सुनिश्चित।
2. पारिवारिक पेंशन
3. न्यूनतम पेंशन
4. महँगाई भत्ते का लाभ
5. सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान (हर छह महीने + डीए की 10% राशि से पूरे सेवाकाल का भुगतान)

**एनपीएस और यूपीएस में प्रमुख अंतर–**

| बिंदु | एनपीएस | यूपीएस |
|---|---|---|
| ♦ पेंशन | कर्मचारी के जमा फंड की एन्युटी पर ब्याज | अंतिम सेवा वर्ष के औसत वेतन का 50% + महँगाई भत्ता |
| ♦ पेंशन पर महँगाई भत्ता | नहीं | प्रचलित दर के अनुसार देय |
| ♦ फेमिली पेंशन | नहीं | मृत कर्मचारी की पेंशन का 60% + महँगाई भत्ता |
| ♦ ग्रेच्युटी | नहीं | ग्रेच्युटी फार्मूले से भुगतान |
| ♦ ग्रेच्युटी से अतिरिक्त भुगतान | जमा फंड का 60% | निश्चित फॉर्मूले से अतिरिक्त भुगतान |
| ♦ पेंशन के लिए वेतन से कटौती | 10% | 10% |
| ♦ पेंशन फंड में सरकार का अंशदान | 14% | 18.5% |
| ♦ पेंशन के लिए न्यूनतम सेवा | जमा फंड पर निर्भर | 25 साल कम होने पर आनुपातिक |
| ♦ न्यूनतम पेंशन | जमा फंड पर निर्भर | 10000 रुपए |

- **24 अगस्त, 2024 को भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों (अन्तर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट) से संन्यास ले लिया है। अपने करियर में भारत के लिए उन्होंने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 मैच खेले है। वनडे में अब तक 6793 रन बनाए हैं और उनका औसत 44.11 रन का रहा है। उल्लेखनीय है कि शिखर धवन 'गब्बर' के नाम से जाने जाते है।**

- **देश का पहला हाइब्रिड रीयूजेबल रॉकेट रूमी-1 सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया–**

24 अगस्त, 2024 को स्पेस जोन इंडिया और मार्टिन ग्रुप ने तमिलनाडु के पट्टीपुलम स्थित ईसीआर समुद्र तट से देश के पहले हाइब्रिड रीयूजेबल रॉकेट रूमी-1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। रूमी-1 को भारत के पहले हाइड्रोलिक मोबाइल लॉन्च सिस्टम से अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया, जिससे 0 से 120 डिग्री के बीच विभिन्न कोणों पर विभिन्न स्थानों से लॉन्च संचालन संभव हो सके। रूमी-1 रॉकेट ने तीन क्यूब उपग्रहों को कक्षा में लॉन्च करके और केवल सात मिनट में सुरक्षित वापस लाकर इतिहास रच दिया।

इसने तीव्र अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक नया मानक स्थापित किया। रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को ले गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और बहुत-सी वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और उसका संग्रह करने के लिए डिजाइन किया गया है। रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको (कम वजन व आकार वाले सैटेलाइट) उपग्रहों को तैनात किया।

## Newspaper of 26 August, 2024

- **महाराष्ट्र 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस)' लागू करने वाला पहला राज्य बना; महाराष्ट्र कैबिनेट से मंजूरी मिली–**
केन्द्र सरकार से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की घोषणा होने के बाद ही महाराष्ट्र सरकार ने इसे लागू करने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र पहला राज्य बन गया, जो कर्मचारियों के लिए इसे लागू करेगा। 25 अगस्त, 2024 को महाराष्ट्र कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दी है। यूपीएस में न्यूनतम 25 वर्ष सेवा पूरी करके रिटायर होने पर अंतिम 12 महीने के औसत मूल वेतन की 50% पेंशन मिलेगी। इसके दायरे में 1 जनवरी 2004 के बाद एनपीएस में पंजीकृत सभी कर्मचारी आएंगे।
- **25 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित किया तथा स्वयं सहायता समूहों को पाँच हजार करोड़ का लोन जारी किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने 11 लाख लखपति दीदियों को सर्टिफिकेट दिए।**

## Newspaper of 27 August, 2024

- **हाल ही में पंजाब के रोपड़ निवासी पाँच वर्षीय बालक तेगबीर सिंह अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी माउंट किकिलमंजारो को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बने है। तेगबीर सिंह छह दिन में 5895 मीटर की चढ़ाई पूरी कर सबसे ऊँची चोटी उहुरू पर पहुँचे। वहाँ तापमान शून्य से 10 डिग्री कम रहता है। उल्लेखनीय है कि तेगबीर सिंह ने 5 वर्ष की उम्र में किलिमंजारो पर चढ़ने के सर्बियाई बालक के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।**
- **हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री की घोषणा के अनुसार केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में पाँच नए जिले बनेंगे। नए जिले जांस्कर, द्रास, साम, नुब्रा तथा चांगथांग होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में लद्दाख में अभी लेह और कारगिल दो जिले हैं।**
- **हाल ही में गोवा में चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा के लिए टास्कफोर्स कमेटी का गठन किया गया है। गोवा के स्वास्थ्यमंत्री विश्वजीत राणे के अनुसार गोवा ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।**
उल्लेखनीय है कि टास्कफोर्स कमेटी का गठन सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए किया गया है।

## Newspaper of 28 August, 2024

- **जय शाह अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (ICC) के सबसे युवा भारतीय चेयरमैन बने–**
हाल ही में जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन चुने गए हैं। 35 वर्षीय जय शाह इस पद पर पहुँचने वाले सबसे युवा भारतीय हैं। वे एक दिसंबर को ग्रेग बार्कले का कार्यकाल खत्म होने पर पद संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि जय शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन हैं।
जय शाह चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं। इनसे पहले जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन, शशांक मनोहर भी इस पद पर रहे।
- **रवनीत सिंह बिट्टू, कुरियन और सिंघवी सहित 12 राज्यसभा सदस्य निर्विरोध चुने गए–**
हाल ही में केन्द्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन समेत भाजपा के नौ उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुन लिए गए। अन्य पार्टियों के तीन उम्मीदवार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान, कुरियन को मध्य प्रदेश, किरण चौधरी को हरियाणा, उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा को बिहार से निर्वाचित घोषित किया गया। इसी तरह असम से मिशन रंजन दास, रामेश्वर तेली, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता का निर्वाचन हुआ। तेलंगाना से कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी, जबकि महाराष्ट्र से एनसीपी के अजित पवार गुट के नितिन पाटिल निर्वाचित हुए। सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन राज्यसभा में बहुमत के आंकड़े पर पहुँच गया है।

**एनडीए को 10 साल बाद पूर्ण बहुमत मिला–**

राज्यसभा में एनडीए का 10 साल की सत्ता के बाद पहली बार पूर्ण बहुमत हो गया है। भाजपा के 96 सदस्यों के साथ सदन में एनडीए के 112 सदस्य हो गए हैं। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में जम्मू-कश्मीर और मनोनयन की 4-4 सीटें खाली होने से 237 सदस्यों के सदन में छह मनोनीत व एक अन्य सदस्य को मिलाकर एनडीए की ताकत बहुमत के आंकड़े 119 तक पहुँच गई है।

- **यूक्रेन ने पहली स्वदेशी बैलेस्टिक मिसाइल बनाई; सफल परीक्षण भी किया–**
हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि उनकी सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित बैलिस्टिक मिसाइल का पहला सफल परीक्षण करने में सफलता मिली है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **हाल ही में उत्तर रेलवे ने उत्तर प्रदेश के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदले हैं। स्टेशनों के नाम शहीद और धार्मिक स्थलों के नाम पर रखे गए हैं। ये निम्न हैं–**
  - जायस स्टेशन अब गुरु गोरखनाथ धाम कहलायेगा।
  - कासिमपुर हाल्ट अब जायस सिटी होगा।
  - फुर्सतगंज स्टेशन अब तापेश्वरनाथ धाम होगा।
  - मिश्रोली स्टेशन अब माँ कलिकान धाम होगा।
  - बनी स्टेशन अब स्वामी परमहंस होगा।
  - निहालगढ़ स्टेशन अब महाराजा बिणती पासी होगा।
  - अकबरगंज स्टेशन अब माँ आहोखा भवानी नाम से होगा।
  - वारिसगंज हाल्ट का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान किया गया है।
- **हाल ही में IPS बी. श्रीनिवासन को एनएसजी का डीजी नियुक्त किया गया है। श्रीनिवासन 1992 बैच के बिहार कैडर के IPS हैं तथा भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी सतीश कुमार को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया गया है।**
- **मोरक्को में दुनिया का सबसे बड़ा फुटबॉल स्टेडियम बन रहा है, मोरक्को ने कासाब्लांका में बन रहे इस स्टेडियम का नाम मारेक्का ग्रैंड स्टेड हसन-2 रखा गया है। इस स्टेडियम की क्षमता एक लाख 15 हजार है। मोरक्को ने इस स्टेडियम में वर्ष 2030 के फीफा वर्ल्ड कप फाइनल की मेजबानी की दावेदारी पेश की है।**

## Newspaper of 29 August, 2024

- **देश में 12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनेंगी; देश के 234 नए शहरों में निजी एफ एम चैनल खुलेंगे; पश्चिमी राजस्थान में 28,602 करोड़ का निवेश होगा–**

28 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में कई अहम निर्णय हुए। इसके अन्तर्गत देश को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में राजस्थान सहित 10 राज्यों के 12 शहरों में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने का निर्णय हुआ है। साथ ही 234 नए शहरों में निजी एफएम चैनल चलाने का भी निर्णय हुआ।

औद्योगिक स्मार्ट सिटी के क्रम में पूर्वी राजस्थान में भिवाड़ी की तर्ज पर पश्चिमी राजस्थान में जोधपुर-पाली इंडस्ट्रीयल सिटी से औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। पश्चिमी राजस्थान भी अब औद्योगिक उड़ान भरेगा। केन्द्रीय कैबिनेट ने देशभर में जो 12 नए स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी को मंजूरी दी है उसमें से एक जोधपुर-पाली मारवाड़ भी हैं। इससे पश्चिमी राजस्थान के टेक्सटाइल, हैडीक्राफ्ट, एग्रो इंडस्ट्री और सोलर सेक्टर में बम्पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**इस तरह होगा फायदा–**

1578 एकड़ में विकसित होगी यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी।
7500 करोड़ का हो सकेगा यहाँ औद्योगिक निवेश
922 करोड़ में विकसित होगी यह इंडस्ट्रियल सिटी।
40 हजार प्रत्यक्ष, 02 लाख अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़ेंगे।

**ये 5 सेक्टर होंगे लाभांवित–**

**1. टेक्सटाइल और अपेरल.....** जोधपुर और पाली जिले में कुल 1000 से ज्यादा टेक्सटाइल इकाइयां हैं। प्रदूषण के दंश और एनजीटी के आदेश के कारण इनका विस्तार नहीं हो सकता। जबकि पश्चिमी राजस्थान से एक्सपोर्ट लेवल का कपड़ा तैयार होता है। करीब 50 हजार लोगों को रोजगार मिलता है।

**2. हैंडीक्राफ्ट सेक्टर....**जोधपुर के साथ ही जैसलमेर व बाड़मेर में 2000 से ज्यादा हैंडीक्राफ्ट यूनिट हैं। इनमें से 700 इकाइयाँ एक्सपोर्ट करती है। करीब एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। पिछले 20 साल से इन सेक्टर को नया औद्योगिक क्षेत्र नहीं मिला है।

**यहाँ बनेंगे स्मार्ट औद्योगिक शहर–**

1. उत्तराखंड में खुरपिया
2. पंजाब में राजपुरा-पटियाला
3. महाराष्ट्र में दिघी
4. केरल में पलक्कड़
5. उत्तर प्रदेश में आगरा व प्रयागराज
6. बिहार में गया
7. तेलंगाना में जहीराबाद
8. आंध्रप्रदेश में ओरवाकल वे कोप्पर्थी
9. राजस्थान में जोधपुर-पाली

(चुनाव आचार संहिता के कारण एक राज्य की घोषणा नहीं की गई।)

**रणनीतिक निवेश–**राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत औद्योगिक शहरों में 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर निर्यात प्राप्त करने के लिए रणनीतिक निवेश होगा।

**मल्टी मॉडल बुनियादी ढांचा–**राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियाँ और नियोजित औद्योगीकरण के माध्यम से 30 लाख तक अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा।

- **वर्ष 2029 तक 3 गुना बढ़कर 481 अरब हो जाएगा डिजिटल लेनदेन; यूपीआई की होगी 57% हिस्सेदारी**

भारत में साल 2028-29 तक डिजिटल वित्तीय लेनदेन की संख्या 481 अरब हो जाएगी, जो साल 2023-24 में 159

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अरब थी। पीडब्ल्यूएसी इंडिया की एक रिपोर्ट 'इ इंडियन पेमेंट्स हैंडबुक 2024-29' में कहा है कि इस दौरान डिजिटल भुगतान का मूल्य 265 लाख करोड़ रुपए से दोगुना होकर 593 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच जाएगा। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से लेनदेन की मात्रा 57 फीसदी तक बढ़ जाएगी। वित्त वर्ष 2029 तक यूपीआई लेनदेन की संख्या मौजूदा 131 अरब से बढ़कर 439 अरब हो जाएगी। भारत में कुल खुदरा डिजिटल भुगतान में यूपीआई की 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है और इसके साल 2028-29 तक बढ़कर 91 फीसदी तक हो सकती है। साल 2028-29 तक क्रेडिट कार्ड से होने वाले लेनदेन की संख्या भी 20 करोड़ तक पहुँच सकती है।

## Newspaper of 30 August, 2024

- **29 अगस्त, 2024 का मूडीज रेटिंग्स ने 2024 और 2025 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को क्रमशः 7.2% और 6.6% तक बढ़ा दिया है।**

- **परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया; भारत की दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'आइएनएस अरिघात' नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हूई–**

29 अगस्त, 2024 को भारतीय नौसेना की परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड (एसएफसी) का हिस्सा बन गई। भारत के पास अब दो परमाणु पनडुब्बी हो गई हैं। इससे पहले 2016 में स्वदेशी आईएनएस अरिहंत को जंगी बेड़े में शामिल किया गया था। आईएनएस अरिघात को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में कमिशन किया। पनडुब्बी 6000 टन की है। यह हिंद प्रशांत क्षेत्र में लंबी दूरी तक गश्त लगाने में सक्षम है। इस पनडुब्बी को 750 किमी तक मार करने वाली परमाणु मिसाइल के-15 से लैस किया गया है।

**दुश्मनों का संहार**–संस्कृति के शब्द अरिघात का अर्थ हैं–'दुश्मनों का संहार करने वाला।' पनडुब्बी को विशाखापत्तनम शिपयार्ड में बनाया गया। इसकी लंबाई 111.6 मीटर, चौड़ाई 11 मीटर और गहराई 9.5 मीटर है। इसकी रफ्तार 12 से 15 समुद्री मील (22 से 28 किलोमीटर) प्रति घंटा है। यह 700-750 किलोमीटर तक निशाना साध सकती है।

- **यूपीएससी में परीक्षाओं के लिए आधार सत्यापन प्रणाली लागू की गई–**

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की भर्तियों में फर्जीवाडा रोकने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार ने अहम फैसला किया है। पहली बार यूपीएसएसी को पंजीकरण के साथ परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान स्वैच्छिक आधार पर अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण की मंजूरी दी गई है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मुताबिक यूपीएससी अब 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन' पोर्टल पर पंजीकरण के समय और परीक्षा के विभिन्न चरणों में अभ्यार्थियों की पहचान का सत्यापन आधार के माध्यम से करेगा। अभ्यार्थियों के पास आधार सत्यापन के लिए हाँ या न का विकल्प होगा। आयोग आधार (वित्तीय, अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के नियमों और विनियमों के साथ भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) के निर्देशों का पालन करेगा। उल्लेखनीय है कि आधार यूआइडीएआइ की ओर से पात्र नागरिकों को बायोमैट्रिक आधार पर जारी किया जाने वाला नंबर है।

- **असम में निकाह का पंजीकरण अनिवार्य, पुराना कानून रद्द किया–**

29 अगस्त, 2024 को असम विधानसभा में मुस्लिम निकाह और तलाक रजिस्टर्ड करने वाले 90 साल पुराना कानून रद्द करते हुए असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक-2024 पारित कर दिया है। नए कानून के तहत मुस्लिम समाज के लोगों को निकाह का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। इसके साथ ही नाबालिग से निकाह को कानूनी अपराध माना जाएगा। असम में अब काजी मुस्लिम निकाह का पंजीकरण नहीं कर सकेंगे। इसके लिए सरकारी अधिकारी के पास जाना होगा।

## Newspaper of 31 August, 2024

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर में देश के सबसे बड़े वधावन बंदरगाह का शिलान्यास किया, 12 लाख को मिलेगा रोजगार 76000 करोड़ खर्च होंगे, 2030 तक शुरू हो सकेगा करोबार–**

30 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पालघर के सिडको ग्राउंड में देश के सबसे बड़ी वधावन बंदरगाह परियोजना समेत कई योजनाओं का शिलान्यास किया। वधावन परियोजना पर 76 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके पूरे होने के बाद 12 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने पालघर में 1560 करोड़ रुपए की लागत से 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का भी शिलान्यास और 360 करोड़ रुपए की लागत से नेशनल रोल आउट ऑफ वेसल कम्युनिकेशन एंड सपोर्ट सिस्टम का शुभारंभ किया। वधावन बंदरगाह वर्ष 2030 तक काम करना शुरू कर देगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

यह प्रति वर्ष 298 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कुल क्षमता के साथ दुनिया के बड़े बंदरगाहों में शामिल होगा। इस पर सभी मौसम में कारोबार किया जा सकेगा।

■ **नई ट्रांसपोर्ट पॉलिसी वर्ष 2025 से हल्के तथा वर्ष 2026 से भारी वाहनों पर लागू होगी; हल्की गाड़ियों में फ्रंट-बैक पर सीट बेल्ट का अलार्म सिस्टम जरूरी होगा–**

हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन नीति में दो साल में दो बदलाव होंगे। वर्ष 2025 से हल्के निजी व सार्वजनिक वाहनों के लिए नए मानक तय होंगे। वर्ष 2026 से भारी वाहनों के लिए नए नियम प्रभावी होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का आकलन है कि इससे घायलों-मृतकों की संख्या में कमी आएगी। 31 मार्च 2025 के बाद बने हल्के वाहनों में फ्रंट और बैक सीट के लिए बेल्ट अलार्म सिस्टम जरूरी होगा। पिछली सीटों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य है और उल्लंघन पर 1000 रुपये के चालान का प्रावधान है लेकिन अभी सभी वाहनों में अलार्म सिस्टम इन बिल्ट नहीं है।

वर्ष 2026 से सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम भारी वाहनों पर भी लागू होगा। इनमें बस ट्रेवलर और मिनी बस सभी शामिल होंगे। हर सीट पर बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा।

■ **पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत को एक दिन में चार मेडल मिले–**

30 अगस्त, 2024 को भारत की महिला पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा ने इतिहास रचते हुए पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में भारत का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अवनि का यह दूसरा गोल्ड मेडल है। राजस्थान की अवनि और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता। वहीं, एथलेटिक्स में प्रीति पाल ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर इस स्पर्धा में देश को पहला मेडल दिलाया।

- **अवनि : दो स्वर्ण जीतने वाली पहली महिला–**टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भी अवनि ने गोल्ड पर निशाना साधा था। वह दो स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली महिला पैरा खिलाड़ी बनी हैं। अवनि ने पेरिस पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 कैटेगरी में 249.7 अंकों के साथ स्वर्ण जीता।
- **मनीष : अपना दूसरा पदक हासिल किया–**टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले मनीष नरवाल पेरिस पैरालंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 में उतरे और 234.9 अंकों साथ रजत पदक पर निशाना साधा। उन्होंने पैरालंपिक खेलों में अपना कुल दूसरा पदक हासिल किया।
- **मोना अग्रवाल : पहले ही प्रयास में जीता पदक–**पहली बार पैरालंपिक खेलों में शामिल मोना ने भी अवनि के साथ 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी। मोना ने 228.7 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।
- **प्रीति पाल : 100 मीटर रेस में रचा इतिहास–**महिला पैरा एथलीट प्रीति पाल (22) ने 100 मीटर टी35 इवेंट में कांस्य पदक जीता। यह भारत का ट्रैक इवेंट में पहला पैरालंपिक पदक है। प्रीति ने 14.21 सेकेण्ड के समय के साथ पदक जीता।

■ **हाल ही में असम विधानसभा में जुमे (शुक्रवार) को मिलने वाला दो घंटे का ब्रेक खत्म कर दिया गया है। यह 2 घंटे का ब्रेक दोपहर 12 से 2 बजे तक मुस्लिम विधायकों के लिए नमाज अदा करने के लिए दिया जा रहा था। ब्रेक की परम्परा वर्ष 1937 से चल रही थी।**

■ **वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश की विकास दर (जीडीपी) 6.7% रही–**

30 अगस्त, 2024 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश की विकास दर 6.7% रही। आरबीआई, वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ सहित सभी संस्थाओं ने 7% से ज्यादा जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान लगाया था। इस तिमाही की विकास दर पिछली 5 तिमाहियों में सबसे कम है। सरकारी खर्च और उपभोक्ता व्यय में आई कमी इस गिरावट की प्रमुख वजह है।

| सेक्टर | 2024-25 | 2023-24 |
|---|---|---|
| कृषि | 2.0 | 3.7 |
| माइनिंग | 7.2 | 7.0 |
| मैन्युफैक्चरिंग | 7.0 | 5.0 |
| बिजली-गैस | 10.4 | 3.2 |
| कंस्ट्रक्शन | 10.5 | 8.6 |
| होटल ट्रांसपोर्ट | 5.7 | 9.7 |
| रियल एस्टेट | 7.1 | 12.6 |

(सभी आंकड़े प्रतिशत में)

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की जीडीपी 7.8% की दर से बढ़ी थी। पूरे वित्त वर्ष में देश की जीडीपी 8.2% की दर से बढ़ी थी।

□□□


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®


**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


# CET परीक्षा में निश्चित सफलता हेतु उपलब्ध प्रमुख पुस्तकें










## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें











संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com